खंडवा नकली घी फैक्ट्री: 138 पशुओं की हत्या की आशंका, CM से सख्त एक्शन की मांग

खंडवा. नकली घी फैक्ट्री कांड से पूरे प्रदेश में हलचल मच गई है यहां इमलीपुरा क्षेत्र में छापेमारी के दौरान 1380 किलो चर्बी, 2700 लीटर चर्बी का तेल और 8 क्विंटल हड्डी-चमड़ा जब्त किया गया. इस भारी मात्रा के आधार पर करीब 138 पशुओं के काटे जाने की आशंका जताई जा रही है. स्थानीय विधायक कंचन तनवे ने सीएम मोहन यादव से कड़ी कार्रवाई की मांग की है. उन्होंने कहा कि लोग भी इस खुलासे के बाद हैरान हैं कि इतनी बड़ी फैक्ट्री लंबे समय तक कैसे चलती रही? इस कार्रवाई ने यह भी साफ कर दिया कि अवैध नेटवर्क कितनी संगठित तरीके से काम कर रहा था.

Source: https://hindi.news18.com/news/madhya-pradesh/khandwa-fake-ghee-factory-bust-138-animals-suspected-illegal-fat-oil-seized-local18-ws-ln-10404374.html